श्री कलाधर प्रसाद मंडल, माननीय स॰वि॰स॰ से प्राप्त तारांकित प्रश्न सं॰ 18/02/2452 का उत्तर प्रतिवेदनः-

प्रश्न	उत्तर
क्या मंत्री, जल संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि:- 1. क्या यह बात सही है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत बड़हरा कोठी प्रखंड के हरराही पंचायत से एक कारी कोशी का उदगम स्थान है, 2. क्या यह बात सही है कि उक्त नदी के जल प्रवाह से रूपौली विधान सभा क्षेत्र के हजारों किसानों का कृषि सिंचाई एवं मछुआरा समाज को लाभ होता था, परन्तु वर्ष 2009 में कुशाहा बांध टुटने से इस कारी कोशी में भारी मात्रा में गाद भर जाने के कारण जल का प्रवाह बंद हो गया है, 3. यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक है तो क्या सरकार उक्त नदी को गाद की सफाई करवाने का विचार रखती है, हाँ तो कब तक नहीं, तो क्यों ?	वस्तुस्थिति यह है कि पूर्णिया जिलान्तर्गत बड़हरा कोठी प्रखंड के हरराही पंचायत से हाहा धार प्रवाहित होता है। यह धार बनमनखी प्रखण्ड में अवस्थित इमली चौर से निसृत होकर प्रश्नगत प्रखण्ड के वर्णित पंचायत होते हुए बालूटोल पंचायत के बालूटोल कसमरा ग्राम के समीप कारी कोशी नदी में मिल जाता है। कारी कोशी नदी मूलत: एक बरसाती नदी है जिसमें बाढ़ अवधि के दौरान जल का प्रवाह होता है। वर्तमान में इस नदी के तल की एन.एस.एल. से औसतन गहराई 2.00 से 2.5 मीटर है एवं जल का प्रवाह सुगमता से होता है। प्रश्नगत क्षेत्र के चौरों में किसानों द्वारा कृषि एवं मछली पालन कार्य किया जा रहा है, तथा किसानों को कृषि सिंचाई में कोई समस्या नही है। वर्तमान में प्रश्नगत नदी में गाद सफाई की आवश्यकता नही है।

बिहार सरकार
जल संसाधन विभाग

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–83 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव (प्रश्न विविध), बिहार विधान सभा सचिवालय, बिहार, पटना को अष्टादश बिहार विधान सभा के द्वितीय सत्र के लिये प्राप्त तारांकित प्रश्न सं0–18 / 2 / 2452 का उत्तर प्रतिवेदन (पाँच प्रति) सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–83 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– उप सचिव, संसदीय कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–83 / 2026– पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–17, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0 / –
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव

ज्ञापांक–25 / वि0स0प्र0(क0)–05–83 / 2026– 1251 पटना, दिनांक– 17/03/2026

प्रतिलिपि– कार्यपालक अभियंता, आई0 टी0 सेंटर, जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

16.03.26
(अनिल कुमार गुप्ता)
संयुक्त सचिव
16.3.26

Desktop-R.M.F./2025/ Sec-25/memo